संपादकीय

ऐसी देशभक्ति से बचें

कनाडाई मीडिया के मुताबिक इंडियन साइबर फोर्स नाम के गुट ने साइबर हमले किए। अगर सचमुच ऐसा कोई समूह है और वह सचमुच भारतीयों ने बनाया हुआ है, तो उसे यह समझना चाहिए कि ऐसी गतिविधियां भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को स्थायी नुकसान पहुंचा देंगी।

कनाडा ने भारत पर गंभीर आरोप लगाया। भारत सरकार ने उसका उतना ही करारा जवाब दिया। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि भारत सरकार बारीक कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए इस विवाद को शांत करने में सफल रहेगी। आखिर कोई देश बाकी पूरी दुनिया को ठेंगा दिखाते हुए आगे नहीं बढ़ सकता। और जब गुजरे वर्षों में भारत सरकार ने पश्चिमी देशों के साथ अपने रिश्तों को खास प्राथमिकता दी हुई है, तब उन देशों को एक मुद्दे पर नाराज करना सही रास्ता नहीं हो सकता। खासकर उस समय तक तो बिल्कुल नहीं, जब भारत का दुनिया की दूसरी महाशक्ति चीन के साथ पहले से ही मोर्चा खुला हुआ है। इसलिए भारत के जो लोग देश भक्ति का अतिशय प्रदर्शन कनाडा के मामले में कर रहे हैं, उन्हें थोड़ा संयम बरतना चाहिए। उन्हें कम-से-कम अपनी सरकार की कूटनीतिक क्षमता पर भरोसा रखना चाहिए।

यह सलाह जितना मीडिया में उग्रवादी बातें कर रहे कथित विशेषज्ञों पर लागू होती है, उतना ही उन उत्साही लोगों पर जिन पर कनाडा की संसद, सेना मुख्यालय और अन्य सरकारी दफ्तरों पर साइबर हमला करने का आरोप लगा है। कनाडा सरकार ने अपने मीडिया को बताया कि इंडियन साइबर फोर्स नाम के एक गुट ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। अगर सचमुच ऐसा कोई समूह है और वह सचमुच भारतीयों ने बनाया हुआ है, तो उसे यह समझना चाहिए कि ऐसी गतिविधियां भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को स्थायी नुकसान पहुंचा देंगी। क्या देश में कोई भी ऐसा है, जो भारत की साइबर अपराधियों के अड्डे के रूप में छवि बनाना चाहता हो? भारत में टीवी चैनलों पर कही गई उग्रवादी बातों को दुनिया भर में सोशल मीडिया पर जिस तरह शेयर किया गया है, उससे पहले ही देश की छवि पर धब्बा लगा है। यह समझने की बात है कि इस तरह की बातों और साइबर हमले जैसे आरोप लगने से भारत की कूटनीति चुनौतियां और बढ़ जाएंगी। भारत का भला कनाडा के आरोप को झूठा साबित करने में है, ना कि ऐसा माहौल बनाने में जिससे दुनिया को उसके आरोप अधिक विश्वसनीय लगने लगें।

ज्योति, ओजस की जोड़ी ने तीरंदाजी में जीता गोल्ड : भारत को दिलाया 71वां पदक

हांगझोऊ। भारत ने बुधवार को यहां 19वें एशियाई खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले ने फूयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में कंपाउंड मिश्रित टीम प्रतिस्पर्धा में दक्षिण कोरिया को हराकर भारत को 71वां पदक दिलाया।

भारत ने फाइनल में कोरिया गणराज्य को करीबी मुकाबले में 159-158 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

हांगझोऊ में यह भारत का 16वां स्वर्ण पदक है। इसके साथ ही 2018 में इंडोनेशिया में पिछले संस्करण में हासिल किए गए 70 पदकों के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी भारत आगे निकल गया है। उसकी झोली में अब तक 25 रजत और 29 कांस्य पदक भी आ चुके हैं। वह पदक तालिका में चीन, जापान और कोरिया गणराज्य के बाद चौथे स्थान पर है।

फाइनल में सो चैवोन और जू जेहून की कोरियाई जोड़ी के खिलाफ, ज्योति और ओजस की भारतीय जोड़ी को शुरुआती बढ़त मिली और उन्होंने पहला राउंड 40-39 से जीत लिया।

कोरिया की महिला तीरंदाज चैवोन ने नौ और 10 का स्कोर किया जबकि उनकी टीम के साथी जाहून ने 10-10 का स्कोर किया। दोनों भारतीयों ने अपने दोनों मौकों में 10-10 का स्कोर किया।

भारतीयों ने दूसरे राउंड में भी अपनी बढ़त बरकरार रखी।दोनों टीमों ने पूरे 40-40 अंक हासिल किये। तीसरे राउंड में कोरियाई ने 40-39 की बढ़त के साथ स्कोर 119-119 पर बराबर कर दिया।

हालाँकि, अंतिम राउंड में, ओजस और ज्योति की जोड़ी ने पूरे 40 अंक हासिल किये जबकि कोरियाई खिलाड़ी केवल 39 अंक ही प्राप्त कर सके। महिला कोरियाई तीरंदाज अपने पहले प्रयास में नौ अंक ही पा सकीं।

इस प्रकार, ज्योति और ओजस ने फाइनल 159-158 से जीतकर स्वर्ण पदक जीता।

ज्योति और ओजस दोनों के लिए एशियाई खेलों में यह उनका पहला पदक था। दोनों अपनी-अपनी एकल प्रतिस्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचकर और पदक जीतने की दौड़ में हैं।

मंजू रानी व राम बाबू ने 35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम में जीता कांस्य पदक

हांगझोऊ। मंजू रानी और राम बाबू की जोड़ी ने 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को 35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के पदकों की संख्या 70 पर पहुंचा दी है जो इन खेलों में उसके पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बराबर है।

राम बाबू ने 2 घंटे 42 मिनट 11 सेकेंड में रेस पूरी की जबकि मंजू रानी 3 घंटे 9 मिनट 3 सेकेंड का समय निकाला। भारत 5 घंटे 51 मिनट 14 सेकेंड के संयुक्त समय के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वह स्वर्ण पदक विजेता चीन की टीम से 34 मिनट 33 सेकेंड से पीछे रहा।

इस पदक के साथ ही भारत ने एशियाई खेलों में अपने 70 पदकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है जो उसने 2018 में इंडोनेशिया में आयोजित पिछले संस्करण में बनाया था।

35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम में एक देश एक पुरुष और एक महिला या दो पुरुष और दो महिला प्रतिभागियों वाली टीमें रख सकता है। पदक के लिए सर्वोत्तम दो समय मान्य होते हैं।

चीन और जापान ने दो पुरुष और दो महिला वॉकरों के साथ प्रतिस्पर्धा की, जबकि भारत, हांगकांग चीन और इंडोनेशिया की एक-एक जोड़ी उतारी थी।

चीन ने 5 घंटे 16 मिनट 41 सेकेंड के समय के साथ एशियाई खेलों में नया रिकॉर्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान दूसरे स्थान पर रहा।

दुनिया भर में हीरे की कीमतों में आई गिरावट

न्यूयॉर्क । इस साल कच्चे हीरे की कीमतों में गिरावट आई है। क्योंकि महामारी के बाद कई उपभोक्ता विलासिता की वस्तुओं से दूर हो रहे हैं। यह जानकारी मीडिया ने दी। ज़िम्निस्की ग्लोबल रफ डायमंड इंडेक्स के अनुसार, कीमतें एक साल में सबसे कम हैं। उद्योग विश्लेषक इस मंदी का कारण आभूषण की बिक्री में गिरावट को बता रहे हैं।

वैश्विक हीरा विश्लेषक पॉल जिम्निस्की ने कहा उपभोक्ताओं द्वारा आभूषणों के बजाय सेवाओं को चुनने के कारण हीरे की कीमतें कम हुई हैं। विश्लेषकों के अनुसार, महामारी के बाद अब लोग बाहर खाना खा रहे हैं, यात्रा कर रहे हैं और विलासिता की वस्तुओं के बजाय अनुभवों पर पैसा खर्च कर रहे हैं।

हीरा पूरी तरह से उपभोक्ता-संचालित बाजार है। हीरे के आभूषणों के लिए दुकानदारों की मांग कच्चे हीरे की कीमतों और कुछ हद तक खुदरा कीमतों को प्रभावित करती है।

खुदरा विक्रेताओं ने विज्ञापन में करोड़ों डॉलर खर्च करके उपभोक्ता मांग को बढ़ावा दिया। कच्चे हीरे की बिक्री में दो रिकॉर्ड तोडऩे वाले वर्षों के बाद कीमतों में गिरावट आई है।

एलन मस्क को तगड़ा झटका: ट्विटर के पूर्व सीईओ ने एक्स से जीता मुकदमा

❒ अब देनी होगी राशि

सैन फ्रांसिस्को । पूर्व ट्विटर सीईओ पराग अग्रवाल, पूर्व-कानूनी प्रमुख विजया गड्डे और अन्य अधिकारियों ने एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स कॉर्प से कानूनी फीस में 1.1 मिलियन डॉलर जीते हैं। रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि डेलावेयर चांसरी कोर्ट के जज कैथलीन सेंट जे. मैककॉर्मिक ने अग्रवाल और टीम के पक्ष में फैसला सुनाया और माना कि ट्विटर ने कंपनी के लिए उनके काम से उत्पन्न कानूनी खर्चों को कवर करने के अपने कर्तव्यों का उल्लंघन किया।

भारतीय मूल के ट्विटर सीईओ अग्रवाल, पूर्व कानूनी प्रमुख गड्डे और पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी नेड सेगल ने 1 मिलियन डॉलर से ज्यादा के अवैतनिक कानूनी बिलों को लेकर इस साल अप्रैल में मस्क द्वारा संचालित ट्विटर पर मुकदमा दायर किया था। पिछले साल अक्टूबर में, मस्क ने अग्रवाल, गड्डे और सेगल को सूचित किया कि कंपनी के साथ उनका एंप्लॉयमेंट समाप्त हो गया है, क्योंकि उन्होंने माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है।

मुकदमे के अनुसार, तीनों ने आरोप लगाया कि ट्विटर को उन्हें 1 मिलियन डॉलर से अधिक का भुगतान करना होगा। ये खर्च कई सुनवाई में न्याय विभाग और प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) द्वारा सवालों का जवाब देने के लिए किया गया। अग्रवाल और सेगल को सितंबर में सिक्योरिटीज क्लास एक्शन में प्रतिवादी के रूप में नामित किया गया था, जबकि दोनों अभी भी ट्विटर पर काम कर रहे थे। मुकदमे के अनुसार, गड्डे को इस साल फरवरी में सिक्योरिटीज क्लास एक्शन में एक प्रतिवादी के रूप में नामित किया गया था, जब उस कार्रवाई में वादी ने मुकदमे के अनुसार एक संशोधित क्लास एक्शन शिकायत दर्ज की थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब इन तीनों शीर्ष अधिकारियों ने ट्विटर छोड़ा तो उनके पास करीब 90-100 मिलियन डॉलर का एग्जिट पैकेज था। पराग अग्रवाल को लगभग 40 मिलियन डॉलर का सबसे बड़ा भुगतान मिला, जिसका मुख्य कारण ट्विटर में उनके शेयर थे, जो नौकरी से निकाले जाने के बाद मिलने थे।

वैश्विक स्तर पर मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र है भारत : रिपोर्ट

नई दिल्ली । मूल उपकरण निर्माताओं, मूल डिजाइन निर्माताओं और इस सेक्टर में काम करने वाली अन्य कंपनियों के भारी निवेश के कारण भारत अब मोबाइल फोन के लिए दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बन गया है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, भारत को 2023 में अपने कुल असेंबल मोबाइल फोन का लगभग 22 प्रतिशत निर्यात करने की उम्मीद है। वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक इवान लैम ने कहा, हालांकि, चीन की विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला अभी भी लंबी अवधि में अपनी आवश्यक भूमिका बनाए रखेगी।

'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देते हुए, भारत ने चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल-अगस्त की अवधि में 5.5 बिलियन डॉलर (45,000 करोड़ रुपये से अधिक) का मोबाइल फोन निर्यात किया, जैसा कि सरकार और उद्योग के आंकड़ों ने हाल ही में दिखाया है। वाणिज्य विभाग और इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के अनुमान के अनुसार, अप्रैल-अगस्त की अवधि में 5.5 अरब डॉलर का मोबाइल फोन निर्यात हुआ, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 3 अरब डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपये) का निर्यात हुआ था।

भारत चालू वित्त वर्ष में मोबाइल फोन निर्यात में 1,20,000 करोड़ रुपये को पार करने के लिए तैयार है, जिसमें एप्पल वित्त वर्ष 24 में 50 प्रतिशत से अधिक के साथ बाजार में अग्रणी रहेगा। इस बीच रिपोर्ट के मुताबिक इस साल की पहली छमाही में मूल डिजाइन निर्माताओं (ओडीएम) और इंडिपेंडेंट डिजाइन हाउस (ओडीएम/आईडीएच) से स्मार्टफोन शिपमेंट में छह प्रतिशत (साल-दर-साल) गिरावट आई है।

वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक शेंगहाओ बाई ने कहा, मूल उपकरण निर्माता कंपनियों के एच वन 2023 शिपमेंट में साल-दर-साल गिरावट सैमसंग, शाओमी और लेनोवो समूह के कमजोर प्रदर्शन के कारण हुई। हालांकि, वीवो, ऑनर और ट्रांसन ग्रुप की बढ़त ने गिरावट के कुछ हिस्से की भरपाई कर दी। हुआकिन, लॉन्गचीर और विंगटेक ने 2023 की पहली छमाही में वैश्विक स्मार्टफोन ओडीएम/आईडीएच उद्योग के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य पर अपना दबदबा कायम रखा।

एशियाई खेल: कंपाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी के फाइनल में भारत, पदक पक्का

हांगझोऊ। भारत ने बुधवार को यहां सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को हराकर 19वें एशियाई खेलों में कंपाउंड मिश्रित टीम तीरंदाजी प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबले में ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देओताले की भारतीय टीम ने कजाकिस्तान की एडेल ज़ेक्सेनबिनोवा और एंड्रे ट्युट्युन की जोड़ी को 159-154 से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

मिश्रित टीम प्रतियोगिता में, पुरुष और महिला तीरंदाज प्रत्येक राउंड में बारी-बारी से लक्ष्य पर दो-दो तीर चलाते हैं और ऐसे चार राउंड के अंत में सबसे अधिक अंक वाली टीम (प्रत्येक टीम द्वारा कुल 16 तीर चलाए गए) विजेता बनती है।

पहले दौर (जिसे तीरंदाजी में एंड कहा जाता है) की समाप्ति पर भारतीय टीम एक अंक से पीछे थी और स्कोर 39-40 था।

हालाँकि, पूरे 40 अंक स्कोर कर ज्योति और ओजस ने अगले दौर में बढ़त बना ली। दूसरे दौर का स्कोर भारत के पक्ष में 40-38 रहा।

तीसरे दौर के अंत तक भारत ने अपनी बढ़त और मजबूत करते हुये स्कोर 119-116 कर दिया।

भारतीयों ने चौथे और अंतिम एंड में 40-38 के स्कोर के साथ सेमीफाइनल 159-154 से जीता और पदक पक्का कर लिया। फाइनल में भारत का मुकाबला कोरिया गणराज्य से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में चीनी ताइपे को 158-153 से हराया।

आज का राशिफल

मेष: आज का दिन आपके लिए अनुकुल रहेगा। किसानों के लिए दिन अच्छा रहेगा। फसल अच्छी होने से मन प्रसन्न रहने वाला है। मौसम परिवर्तन से बुजुर्गों की सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव होने की संभावना है।

वृष: आज का दिन आपके आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। आपके बेटे को किसी क्षेत्र में अच्छे विकास से आपको खुशी मिलेगी। अपनी बचत को लंबे समय के लिए निवेश कर सकते हैं।

मिथुन: आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होगी। आज जीवनसाथी किसी जरूरी बात को आपसे शेयर करेंगे। उनकी बात को जरूर समझेंगे। आज व्यापार में आपको रोज की अपेक्षा अधिक मुनाफा होगा।

कर्क :आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। सामाज सेवा से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहने वाला है, आज आपको लोगों का सपोर्ट मिलेगा। दांपत्य रिश्ते में ख़ुशी का माहौल बनेगा। जॉब की तालाश ख़त्म होगी, जिससे अपनी जरूरतों को पूरा करेंगे।

सिंह : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप नया घर खरीदने का विचार बनायेंगे। परिवार के लोगों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में आपकी मेहनत से अच्छा लाभ होगा। आज बाहर के तली भुनी चीजों को खाने से परहेज करें।

कन्या : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। छात्र अपनी प्रगति की ओर अग्रसर रहेंगे। कारोबार में आ रही किसी रुकावट का आज समाधान मिल जायेगा। जिससे काम अच्छा चलेगा। फंडिंग एजेंसी से जुड़े लोगों को अन्य लोगों का सहयोग मिलेगा।

तुला : आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। किसी बड़ी खुशखबरी से परिवार में उत्सव का माहौल बना रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक :आज आपका दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होने वाला है। सकारात्मक सोच के साथ व्यापार में निवेश के लिए आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे परिणाम हासिल होंगे।

धनु : आज का दिन उत्साह से भरपूर रहने वाला है। किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के उपचार होने से खुद को बेहतर महसूस करेंगे। दांपत्य जीवन में आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

मकर: आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लाएगा। नया बिसनेस शुरू करने में आपको सफलता मिलेगी। अच्छा लाभ होगा। छात्रों को अपनी पढाई पर विशेष ध्यान देने की अवश्यकता है।

कुम्भ : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जिससे आपकी दोस्ती मजबूत बनेगी। शिक्षकों के लिए दिन ऊर्जा से भरा रहने वाला है। काम के प्रति आपका डर खत्म होगा।

मीन : आज का दिन आपके लिए खुशनुमा पल लेकर आया है। किसी चीज को पाने की कामना आज पूरी होगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसानों की फसल की पैदावार अच्छी होगी।

फिल्म मिशन रानीगंज का नया गाना कीमती जारी

अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म मिशन रानीगंज को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। वहीं, अब मिशन रानीगंज का गाना कीमत जारी कर दिया गया है, जिसमें परिणीति चोपड़ा और अक्षय कुमार रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं।

मिशन रानीगंज के इस गाने में परिणीति चोपड़ा रेट्रो लुक में नजर आ रही हैं। अक्षय कुमार भी पंजाबी लुक में हैंडसम लग रहे हैं। गाने को विशाल मिश्रा ने गया और कंपोज किया है, जबकि गाने के लिरिक्स कौशल किशोर ने तैयार किए हैं।

मिशन रानीगंज की शूटिंग के लिए प्रोडक्शन हाउस ने असली सुरंग बनाई। इसके लिए 40 फुट गहरा एक गड्ढा किया गया। प्रोडक्शन टीम्स ने कोयला खदानों की हर जानकारी का सटीक स्टडी करने और उसे रिक्रिएट के लिए एक मिशन शुरू किया। कई हफ्तों तक प्रोडक्शन टीम से लगभग कई लोगों को रियल माइनिंग लोकेशन्स पर भेजा गया ताकि सुरक्षा और सटीकता का ध्यान रखते हुए कहानी से मैच होने वाले सेट को तैयार किए जा सके।

मिशन रानीगंज का प्रोडक्शन पूजा एंटरटेनमेंट ने किया है। फिल्म के निर्माताओं में वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और अजय कपूर का नाम शामिल है। वहीं, डायरेक्शन टीनू सुरेश देसाई ने किया है। इससे पहले उन्होंने अक्षय कुमार स्टारर फिल्म रुस्तम का डायरेक्शन किया था। फिल्म 6 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'टाइगर नागेश्वर राव' का धमाकेदार ट्रेलर हुआ रिलीज, फुल ऑन एक्शन अवतार में नजर आए रवि तेजा

रवि तेजा ने कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें पुरी जगन्नाध द्वारा निर्देशित कमर्शियली सक्सेसफुल फिल्म 'इटलू श्रावणी सुब्रमण्यम' के साथ-साथ 'इडियट', 'वेंकी', 'ना ऑटोग्राफ' और 'क्रैक' जैसी कई अन्य फिल्में शामिल हैं. हाल ही में एक्टर ने चिरंजीवी के साथ एक और हिट फिल्म ' वाल्टेयर वीरय्या' दी थी. वहीं अब रवि तेजा 'टाइगर नागेश्वर राव' में स्टुअर्टपुरम के सबसे बड़े चोर के रूप में पूरे भारत के दर्शकों को लुभाने के लिए तैयारी कर रहे हैं. फिल्म में अनुपम खेर, नुपुर सेनन, गायत्री भारद्वाज, रेनू देसाई, जिशु सेनगुप्ता और मुरली शर्मा ने भी अहम रोल प्ले किया है.

टाइगर नागेश्वर राव का ट्रेलर लॉन्च करने के लिए रवि तेजा पहली बार मुंबई आए हैं और आज फाइनली इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है.

ज्यादा देर तक फोन चलाना छीन सकता है आंखों की रोशनी

अगर आप भी दिनभर अपने मोबाइल फोन से चिपके रहते हैं तो अलर्ट हो जाइए. क्योंकि यह आपकी आंखों की रोशनी भी छीन सकता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स भी स्मार्टफोन के साइड इफेक्ट्स से सावधान करते हैं. क्योंकि इससे जुड़ी समस्याएं काफी गंभीर हैं. ज्यादा फोन चलाने से सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फोन की स्क्रीन के संपर्क में ज्यादा रहना खतरों से भरा हुआ है. बच्चों में इसकी वजह से ग्लूकोमा की बीमारी तेजी से बढ़ रही है.जानें ज्यादा फोन चलाना क्यों खतरनाक है...

स्मार्टफोन से आंखों को बचाएं- ज्यादा देर तक मोबाइल फोन चलाने से आंखों की रोशनी पर निगेटिव असर पड़ता है. इसकी वजह से ड्राई आइज की समस्या हो सकती है. आपकी यह आदत ग्लूकोमा के खतरे को भी बढ़ा सकता है, जो अंधेपन का कारण भी बन सकता है. स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट्स आंखों के लिए खतरनाक होती हैं.

फोकस करने में परेशानी- हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, स्मार्टफोन की आभासी दुनिया दिमाग को विचलित कर सकती है. यह दिमाग पर बुरा असर छोड़ सकती है. यह भ्रम की स्थिति भी पैदा कर सकता है. ऐसे बच्चे तो ज्यादा देर तक मोबाइल पर समय बिताते हैं, उनका फोकस पढ़ाई पर सही तरह नहीं बन पाता है.

मेंटल हेल्थ पर असर- स्मार्टफोन पर वीडियो गेम और दूसरे ऐप का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों में स्ट्रेस और डिप्रेशन बढ़ाने वाला हो सकता है. यह मेंटल हेल्थ को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है. लगातार फोन के इस्तेमाल से सिरदर्द और माइग्रेन का खतरा बढ़ा सकता है. इसलिए दिमाग को बेहतर रखने के लिए स्क्रीन टाइम को कम करना चाहिए.

स्मार्टफोन को लेकर अलर्ट- एक्सपर्ट्स मोबाइल फोन के खतरों से अलर्ट करते हैं. उनका कहा है कि इसका लंबे समय तक बुरा असर देखने को मिल सकता है. इसलिए रात में सोने जाने के करीब एक घंटे पहले स्क्रीन से बचना चाहिए. नोटिफिकेशन मैनेज करें, ताकि बार-बार फोन का इस्तेमाल न करना पड़े. इसके अलावा मोबाइल पर आई प्रोटेक्शन भी लगाएं, जिससे आंखों को इसके नुकसान से बचाया जा सके.

शब्द सामर्थ्य- 203

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 202 का हल

स्मृ	ति	■	पा	व	क	■	बे	ल
■	र	ज	नी	च	र	■	■	टूटू
मु	स्का	न	■	न	म	की	न	■
सा	र	■	स	■	■	ट	ख	ना
फि	■	अ	जा	य	ब	■	रा	जा
र	च	ना	■	था	ल	■	■	य
■	■	धि	■	र्थ	■	स	मा	ज
उ	प	कृ	त	■	आ	वा	ज	■
ल्लू	■	त	■	■	ब	ल	रा	म

सू-दोकू- 203

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.202का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1